

Current Affairs
Weekly Revision
(1 to 5 October 2024)

Q. 1: विश्व दूरसंचार मानकीकरण सम्मेलन 2024 का आयोजन कहाँ होगा? Where will the World Telecommunication Standardization Conference 2024 be held?

a. चीन

b. अमेरिका

c. जापान

d. भारत

Answer: d. भारत

विश्व दूरसंचार मानकीकरण सम्मेलन (WTSA) 2024 का आयोजन 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर, 2024 तक नई दिल्ली, भारत में किया जाएगा।

Q. 2: हाल ही में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोलापुर हवाई अड्डे का उद्घाटन कहाँ किया? Recently, where did Prime Minister Narendra Modi inaugurate the Solapur airport?

a. गुजरात

b. कर्नाटक

c. महाराष्ट्र

d. उत्तर प्रदेश

Answer: c. महाराष्ट्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए महाराष्ट्र में 11,200 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

Q. 3: मन की बात कार्यक्रम की शुरूआत कब हुई थी? When was the Mann Ki Baat program started?

a. 2 अक्टूबर 2013

b. 15 अगस्त 2014

c. 3 अक्टूबर 2014

d. 26 जनवरी 2015

Answer: c. 3 अक्टूबर 2014

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 3 अक्टूबर 2024 को दस साल पूरे हो रहे हैं

Q. 4: हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में किसने शपथ ली है? Recently, who has been sworn in as the Chief Justice of Delhi High Court?

a. न्यायमूर्ति धर्मेन्द्र राणा

b. न्यायमूर्ति संजीव खन्ना

c. न्यायमूर्ति मनमोहन

d. न्यायमूर्ति हिमा कोहली

Answer: c. न्यायमूर्ति मनमोहन

हाल ही में दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने न्यायमूर्ति मनमोहन को दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई।

Q. 5: 54 वें दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से किसे सम्मानित किया जाएगा? Who will be awarded the 54th Dadasaheb Phalke Award in 2024?

a. अमिताभ बच्चन

b. शाहरुख़ ख़ान

c. मिथुन चक्रवर्ती

d. शर्मिला टैगोर

Answer: c. मिथुन चक्रवर्ती

मिथुन चक्रवर्ती को भारतीय सिनेमा में उनके अद्वितीय योगदान के लिए 2024 में प्रतिष्ठित दादासाहेब फालके अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा

यह पुरस्कार उन्हें 2022 के लिए दिया जायेगा

यह भारतीय सिनेमा का सर्वोच्च सम्मान है

मिथुन चक्रवर्ती को 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में 8 अक्टूबर को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा

दादासाहेब फालके पुरस्कार 1969 में भारतीय सिनेमा के पितामह कहे जाने वाले दादासाहेब फालके की याद में शुरू किया गया था

Q. 6: हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी (IIFA) अवार्ड 2024 का बेस्ट एक्टर अवार्ड किसे मिला? Recently, who received the Best Actor Award of the International Indian Film Academy (IIFA) Awards 2024?

a. रणवीर सिंह

b. सलमान खान

c. शाहरुख खान

d. अक्षय कुमार

Answer: c. शाहरुख खान

अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी (IIFA) अवार्ड 2024 कार्यक्रम में शाहरुख खान को उनकी फिल्म 'जवान' के लिए बेस्ट एक्टर का अवार्ड मिला। (आयोजन स्थल – आबू धाबी)

संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'एनिमल' को बेस्ट फिल्म का अवार्ड मिला।



बॉलीवुड एक्ट्रेस रानी मुखर्जी को फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवार्ड मिला।

अनिल कपूर को फिल्म 'एनिमल' के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवार्ड मिला।

बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवार्ड शबाना आजमी को 'रॉकी रानी की प्रेम कहानी' के लिए मिला।

बॉबी देओल को 'एनिमल' के लिए निगेटिव रोल में बेस्ट एक्टर का अवार्ड मिला।

बेस्ट मेल सिंगर का अवार्ड 'एनिमल' फिल्म में अर्जन वैली गाने के लिए भूपेंद्र बबल को मिला।

बेस्ट सिंगर फीमेल - शिल्पा राव को 'जवान' के गाने छलिया के लिए मिला।

भारतीय सिनेमा में उत्कृष्ट योगदान (Outstanding Contribution to Indian Cinema) के लिए जयंतीलाल गड़ा और हेमा मालिनी को अवार्ड मिला।

Q. 7: हाल ही में भारत ने एशिया पैसिफिक पैडल कप (APPC) 2024 में कौन सा पदक हासिल किया? Recently, which medal did India win in the Asia Pacific Paddle Cup (APPC) 2024?

a. स्वर्ण पदक

b. रजत पदक

c. कांस्य पदक

d. कोई पदक नहीं

Answer: c. कांस्य पदक

हाल ही में बाली इंडोनेशिया में आयोजित एशिया पैसिफिक पैडल कप (APPC) 2024 में भारतीय टीम ने मलेशिया को हराकर कांस्य पदक जीता

स्वर्ण पदक - इंडोनेशिया

पैडल, जिसे पैडल टेनिस भी कहा जाता है, मैक्सिकन मूल का एक रैकेट खेल है और इसे स्क्वैश की तरह ही एक बंद कोर्ट में खेला जाता है

Q. 8: हाल ही में किस भारतीय भारोत्तोलक ने आईडबल्यूएफ़ जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2024 में कांस्य पदक हासिल किया? Recently, which Indian weightlifter won the bronze medal in the IWF Junior World Weightlifting Championships 2024?

a. कर्णम मल्लेश्वरी

b. सत्या धांडा

c. राहुल भारद्वाज

d. धनुष लोगानाथन

Answer: d. धनुष लोगानाथन

हाल ही में आईडबल्यूएफ़ जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2024 में पुरुषों की 55 किलोग्राम स्पर्धा में धनुष लोगानाथन ने कांस्य पदक जीता

चैंपियनशिप का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडबल्यूएफ़) द्वारा किया जाता है

Q. 9: हाल ही में, किस भारतीय खिलाडी ने विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर में पुरुषों की 5,000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता है? Recently, which Indian player has won the gold medal in the men's 5,000meter race in the World Athletics Continental Tour?

a. अविनाश साबले

b. गुलवीर सिंह

c. संदीप कुमार

d. सतीश कुमार

Answer: b. गुलवीर सिंह

जापान के निगाटा में आयोजित विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर के योगिबो एथलेटिक्स चैलेंज कप 2024 में पुरुषों की 5,000 मीटर दौड़ में गुलवीर सिंह ने स्वर्ण पदक हासिल किया

गुलवीर सिंह ने 13 मिनट 11.82 सेकंड के साथ नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया

Q. 10: हाल ही में भारतीय कला महोत्सव के प्रथम आयोजन का उद्घाटन कहाँ किया गया है? Recently, where has the first edition of the Indian Arts Festival been inaugurated?

a. महाराष्ट्र **b. तेलंगाना**

c. कर्नाटक **d. गुजरात**

Answer: b. तेलंगाना

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने तेलंगाना के सिकंदराबाद में भारतीय कला महोत्सव के प्रथम आयोजन का उद्घाटन किया।

उद्देश्य: पूर्वोत्तर राज्यों की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत से लोगों को परिचित कराना

राजधानी - हैदराबाद

राज्यपाल – जिष्णु देव वर्मा

मुख्यमंत्री – ए रेवंत रेड्डी

Q. 11: हाल ही में चर्चा में रहा "थ्री गोर्जेस डैम" कहाँ स्थित है? Where is the "Three Gorges Dam" located recently?

a. जापान **b. चीन**

c. दक्षिण कोरिया **d. थाईलैंड**

Answer: b. चीन



NASA वैज्ञानिकों के मुताबिक चीन के हुबेई प्रांत में यांग्त्जी नदी पर स्थित थ्री गॉर्जेस बांध धरती की घूर्णन गति (earth's rotation speed) को धीमा कर रहा है।
यह दुनिया का सबसे बड़ा बांध है
थ्री गॉर्जेस बांध में 40 क्यूबिक किलोमीटर पानी स्टोर करने की क्षमता है
यह 22,500 मेगावाट बिजली पैदा करता है।
राजधानी - बीजिंग
मुद्रा - रेन्मिन्बी (युआन)

Q. 12: हाल ही में SASTRA रामानुजन पुरस्कार 2024 से किसे सम्मानित किया गया है? Recently, who has been awarded the SASTRA Ramanujan Prize 2024?

a. अक्षय वेंकटेश
b. मंजुल भार्गव
c. अलेक्जेंडर डन
d. सुभाष खोत

Answer: c. अलेक्जेंडर डन

हाल ही में अलेक्जेंडर डन को 2024 के SASTRA रामानुजन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है
SASTRA रामानुजन पुरस्कार गणित के क्षेत्र में प्रदान किया जाता है
यह प्रतिवर्ष रामानुजन जयंती यानि 22 दिसंबर को 32 वर्ष से कम उम्र के गणितज्ञों को दिया जाता है।
इसमें एक प्रशस्ति पत्र और $10,000 का नकद पुरस्कार दिया जाता है।

Q. 13: हाल ही में इंटरनेशनल इंडियन फिल्म अकादमी (IIFA) अवार्ड्स 2024 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवार्ड किसने जीता? Recently, who won the Best Actress Award at the International Indian Film Academy (IIFA) Awards 2024?

a. दीपिका पादुकोण
b. कंगना रनौत
c. आलिया भट्ट
d. रानी मुखर्जी

Answer: d. रानी मुखर्जी

हाल ही में अबु धाबी में आयोजित इंटरनेशनल इंडियन फिल्म अकादमी (IIFA) अवार्ड्स 2024 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवार्ड 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' फिल्म के लिए रानी मुखर्जी को दिया गया

Q. 14: हाल ही में भारतीय वायु सेना प्रमुख किसे नियुक्त किया गया है? Recently, who has been appointed as the Chief of the Indian Air Force?

a. वी. आर. चौधरी
b. करमबीर सिंह
c. अमर प्रीत सिंह
d. मनोज पांडे

Answer: c. अमर प्रीत सिंह

हाल ही में एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह को वायु सेना प्रमुख नियुक्त किया गया है।
उन्होंने एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी का स्थान लिया

Q. 15: हाल ही में किस देश के प्रधानमंत्री भारत की द्विपक्षीय यात्रा पर आए हैं? Recently, the Prime Minister of which country has come on a bilateral visit to India?

a. बहामास
b. जमैका
c. त्रिनिदाद और टोबैगो
d. बारबाडोस

Answer: b. जमैका

जमैका के प्रधानमंत्री - डॉ. एंड्रयू होलनेस
यह जमैका के प्रधानमंत्री की भारत की पहली द्विपक्षीय यात्रा है।
उद्देश्य - व्यापार और निवेश (trade and investment) सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना (strengthening bilateral relations)

Q. 16: हाल ही में किस राज्य सरकार ने देशी गाय को 'राज्यमाता' का दर्जा दिया है? Recently, which state government has given the status of 'Rajya Mata' to the native cow?

a. कर्नाटक
b. मध्य प्रदेश
c. महाराष्ट्र
d. उत्तर प्रदेश

Answer: c. महाराष्ट्र

देशी गाय को राज्यमाता घोषित करने वाला महाराष्ट्र देश का पहला राज्य बन गया है
कैबिनेट की बैठक में देशी गायों के लिए 50 रुपए प्रतिदिन की सब्सिडी योजना लागू करने का फैसला भी लिया गया।
राज्यपाल - सी. पी. राधाकृष्णन



Q. 17: हाल ही में कर्नाटक ने किस राज्य सरकार के साथ कुमकी हाथियों के स्थानांतरण के संबंध में समझौता ज्ञापन किया है? Recently, Karnataka has signed a Memorandum of Understanding with which state government regarding the transfer of Kumki elephants?

a. तमिलनाडु

b. आंध्र प्रदेश

c. ओडिशा

d. तेलंगाना

Answer: b. आंध्र प्रदेश

आंध्र प्रदेश में हाथियों के आतंक को नियंत्रित करने के लिए आंध्र प्रदेश और कर्नाटक सरकारों ने कुमकी हाथियों के स्थानांतरण के संबंध में एक समझौता किया है।

इस समझौते के तहत कर्नाटक आंध्र प्रदेश को आठ कुमकी (प्रशिक्षित) हाथी प्रदान करेगा।

कुमकी हाथी विशेष रूप से प्रशिक्षित होते हैं और वे जंगली हाथियों को नियंत्रित करने का कार्य करते हैं।

इससे मानव-हाथी संघर्ष की घटनाओं में कमी आती है।

राजधानी - अमरावती

राज्यपाल - एस. अब्दुल नजीर

मुख्यमंत्री - चंद्र बाबू नायडू

Q. 18: हाल ही में भारत विशिष्ट कैंसर डेटासेट तैयार करने के लिए कौन सा पोर्टल शुरू किया गया है? Recently, which portal has been launched to prepare India specific cancer dataset?

a. कैंसर रिसर्च पोर्टल

b. कॉम्प्रिहेंसिव कैंसर मल्टी-ओमिक्स डेटा पोर्टल

c. कैंसर हेल्थ डेटा पोर्टल

d. ओमिक्स कैंसर डेटा पोर्टल

Answer: b. कॉम्प्रिहेंसिव कैंसर मल्टी-ओमिक्स डेटा पोर्टल

हाल ही में भारत का पहला व्यापक कैंसर मल्टी-ओमिक्स डेटा पोर्टल शुरू किया गया है।

लक्ष्य - भारत विशिष्ट कैंसर डेटासेट तैयार करना

Q. 19: हाल ही में सैन्य अभ्यास "काजिंद-2024" के आठवें संस्करण की शुरुआत कहाँ हुई है? Recently, where has the eighth edition of the military exercise "KAZIND-2024" started?

a. जम्मू और कश्मीर **b. उत्तराखंड**

c. हिमाचल प्रदेश **d. उत्तर प्रदेश**

Answer: b. उत्तराखंड

भारत-कजाकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास काजिंद-2024 का आठवां संस्करण औली, उत्तराखंड में शुरू हुआ

यह अभ्यास 30 सितम्बर से 13 अक्टूबर तक चलेगा

राज्यपाल - लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह

मुख्यमंत्री - पुष्कर सिंह धामी

Q. 20: हाल ही में क्रूज़ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कौन सा मिशन लॉन्च किया गया? Recently, which mission was launched to promote cruise tourism?

a. पर्यटन विकास मिशन

b. क्रूज़ भारत मिशन

c. समुद्री पर्यटन मिशन

d. नैविगेशन और क्रूज़िंग मिशन

Answer: b. क्रूज़ भारत मिशन

केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री (Union Minister of Ports, Shipping and Waterways), सरबानंद सोनोवाल ने मुंबई, महाराष्ट्र में क्रूज़ भारत मिशन का शुभारंभ किया।

क्रूज़ भारत मिशन के तहत तीन क्रूज़ खंड हैं - महासागर और बंदरगाह, नदी और अंतर्देशीय तथा द्वीप खंड (Oceans and ports, rivers and inland and island sections)

उद्देश्य - 2029 तक क्रूज यात्री यातायात को दोगुना कर, देश के क्रूज पर्यटन उद्योग को बढावा देना

Objective – To promote the country's cruise tourism industry by doubling the cruise passenger traffic by 2029

Q. 21: हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27,000 रन पूरे करने वाले दुनिया के चौथे बल्लेबाज कौन बने हैं? Recently, who has become the fourth batsman in the world to complete 27,000 runs in international cricket?

a. ट्रेविस हेड

b. रोहित शर्मा

c. विराट कोहली

d. जो रूट

Answer: c. विराट कोहली

भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27,000 रन पूरे करने वाले दुनिया के चौथे बल्लेबाज बन गये हैं



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन सचिन तेंदुलकर (34,357 रन) के नाम पर हैं।

दूसरे स्थान पर श्रीलंका के कुमार संगकारा (28,016) और तीसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (27,483) हैं।

Q. 22: हाल ही में, टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट लेने वाले सातवें भारतीय क्रिकेटर कौन बने हैं? Recently, who has become the seventh Indian cricketer to take 300 wickets in Test cricket?

a. जसप्रीत बुमराह

b. आर. अश्विन

c. रवींद्र जडेजा

d. मोहम्मद शामी

Answer: c. रवींद्र जडेजा

हाल ही में भारतीय स्पिनर रविंद्र जडेजा टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट लेने वाले सातवें भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं।

भारत के लिए 300 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों में - अनिल कुंबले, आर अश्विन, कपिल देव, हरभजन सिंह, ईशांत शर्मा और जहीर खान शामिल हैं

वह 300 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले लेफ्ट ऑर्म स्पिनर हैं

Q. 23: हाल ही में, किस अफ्रीकी देश में मारबर्ग वायरस से जुड़े मामले सामने आये हैं? Recently, cases related to Marburg virus have been reported in which African country?

a. केन्या **b. रवांडा**

c. नाइजीरिया **d. घाना**

Answer: b. रवांडा

हाल ही में रवांडा के स्वास्थय मंत्री ने मारबर्ग वायरस के संक्रमण की पुष्टि की है

मारबर्ग वायरस रोग एक गंभीर रक्तस्रावी बुखार है जो मनुष्यों को प्रभावित करता है।

मारबर्ग वायरस का सम्बन्ध इबोला वायरस परिवार से है।

Q. 24: हाल ही में सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा (AFMS) की पहली महिला महानिदेशक कौन बनी हैं? Recently, who has become the first woman Director General of Armed Forces Medical Services (AFMS)?

a. आरती सरीन **b. भावना शर्मा**

c. नीरजा जोशी **d. सुमन सिंह**

Answer: a. आरती सरीन

वाइस एडमिरल आरती सरीन सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा (ARMED FORCES MEDICAL SERVICES) की पहली महिला महानिदेशक बनी हैं

Q. 25: हाल ही में चर्चा में रहा हैम्पशायर काउंटी क्रिकेट क्लब कहाँ स्थित है? Where is the Hampshire County Cricket Club, which was in the news recently, located?

a. ऑस्ट्रेलिया

b. इंग्लैंड

c. दक्षिण अफ्रीका

d. न्यूजीलैंड

Answer: b. इंग्लैंड

भारत की इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी GMR ग्रुप ने इंग्लैंड के हैम्पशायर काउंटी क्रिकेट क्लब का अधिग्रहण कर लिया है।

हैम्पशायर क्रिकेट क्लब की स्थापना साल 1863 में हुई थी।

Q. 26: हाल ही में भारत में बिजली से चलने वाले वाहनों को बढ़ावा देने के लिए किस योजना की शुरुआत की गई? Recently, which scheme was launched to promote electric vehicles in India?

a. स्वच्छ वाहन योजना

b. ग्रीन मोबिलिटी योजना

c. पीएम ई-ड्राइव योजना

d. ई-वाहन प्रोत्साहन योजना

Answer: c. पीएम ई-ड्राइव योजना

पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) योजना के लिए दो वर्षों की अवधि में ₹10,900 करोड़ का वित्तीय परिव्यय तय किया गया है।

उद्देश्य: देश में बिजली से चलने वाले वाहनों को बढ़ावा देना और पूरे देश में आवश्यक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करना

Q. 27: हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक के तौर पर किसे नियुक्त किया गया है? Recently, who has been appointed as the Director General of Police of Jammu and Kashmir?

a. दिलबाग सिंह

b. नलिन प्रभात

c. राजेश शर्मा

d. संजय कुमार

Answer: b. नलिन प्रभात



हाल ही में वरिष्ठ IPS अधिकारी नलिन प्रभात ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के महानिदेशक का पदभार संभाल लिया है

Q. 28: हाल ही में उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO) के महासचिव कौन बने हैं? Recently, who has become the Secretary General of the North Atlantic Treaty Organization (NATO)?

a. जेन्स स्टोल्टेनबर्ग

b. मार्क रुटे

c. बोरिस जॉनसन

d. इमैनुएल मैक्रों

Answer: b. मार्क रुटे

हाल ही में नीदरलैंड के पूर्व प्रधान मंत्री मार्क रुटे को उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (North Atlantic Treaty Organization - NATO) का महासचिव नियुक्त किया गया है

उन्होंने नॉर्वे के जेन्स स्टोलटेनबर्ग का स्थान लिया

NATO का मुख्यालय - ब्रुसेल्स, बेल्जियम में

Q. 29: हाल ही में 26वीं जल, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण प्रदर्शनी-2024 का आयोजन कहाँ हुआ है? Where has the 26th Water, Energy, Technology and Environment Exhibition-2024 been organized recently?

a. पेरिस

b. लंदन

c. दुबई

d. टोक्यो

Answer: c. दुबई

26वीं जल, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण प्रदर्शनी (Water, Energy, Technology and Environment Exhibition) - 2024 दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में शुरू हुई है

WETEX-2024 में 14 देशों के 16 अंतरराष्ट्रीय मंडप शामिल हैं

Q. 30: हाल ही में 7वें राष्ट्रीय पोषण माह 2024 का समापन समारोह का आयोजन कहाँ हुआ है? Where has the closing ceremony of the 7th National Nutrition Month 2024 been organized recently?

a. नई दिल्ली b. रांची

c. मुंबई d. भोपाल

Answer: b. रांची

30 सितंबर 2024 को 7वें राष्ट्रीय पोषण माह 2024 का समापन समारोह रांची, झारखंड में आयोजित हुआ।

अध्यक्षता - केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने की।

7वें राष्ट्रीय पोषण माह 2024 को आधिकारिक तौर पर 1 सितंबर 2024 को गांधीनगर, गुजरात में शुरू किया गया था

Q. 31: हाल ही में 2024 पुरुष SAFF U-17 चैम्पियनशिप किसने जीती? Recently, who won the 2024 Men's SAFF U-17 Championship?

a. बांग्लादेश

b. नेपाल

c. भारत

d. श्रीलंका

Answer: c. भारत

भारतीय फुटबॉल टीम ने फाइनल में बांग्लादेश को हराया

2024 की पुरुष SAFF अंडर 17 चैम्पियनशिप का आयोजन थिम्पू, भूटान में हुआ

Q. 32: हाल ही में 34वाँ अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस कब मनाया गया? When was the 34th International Day of Older Persons celebrated recently?

a. 30 सितंबर

b. 1 अक्टूबर

c. 2 अक्टूबर

d. 29 सितंबर

Answer: b. 1 अक्टूबर

प्रतिवर्ष 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस (International Day of Older Persons) के रूप में मनाया जाता है।

थीम: दुनिया भर में वृद्ध व्यक्तियों के लिए देखभाल और सहायता प्रणालियों को मजबूत करने का महत्व

पहला अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 1 अक्टूबर, 1991 को मनाया गया।

Q. 33: हाल ही में भारत- बांग्लादेश टेस्ट सीरीज 2024 की विजेता कौन सी टीम बनी है? Which team has recently become the winner of India-Bangladesh Test Series 2024?

a. भारत

b. पाकिस्तान

c. दक्षिण अफ्रीका

d. बांग्लादेश



Answer: a. भारत

बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज जीतने के बाद भारत सबसे अधिक टेस्ट मैच जीतने वाला दुनिया का पांचवां देश बन गया

Q. 34: हाल ही में, UN महासभा के 79वें सत्र में किस देश ने भारत के UN सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के प्रस्ताव का समर्थन किया? Recently, which country supported India's proposal for permanent membership in the UN Security Council in the 79th session of the UN General Assembly?

a. नेपाल

b. भूटान

c. फ्रांस

d. जापान

Answer: b. भूटान

हाल ही में, UN महासभा (United Nations General Assembly) के 79वें सत्र के दौरान भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे ने UN सुरक्षा परिषद (UN Security Council) में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया

संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के अध्यक्ष - कैमरून के पूर्व प्रधानमंत्री फ़िलेमॉन यांग

Q. 35: हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने आदिवासी बहुल गांवों में सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए किस अभियान का शुभारंभ किया? Recently, Prime Minister Modi launched which campaign for socio-economic development in tribal-dominated villages?

a. जनजातीय उत्थान योजना

b. धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

c. आदिवासी विकास परियोजना

d. जनजातीय समृद्धि मिशन

Answer: b. धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

2 अक्टूबर 2024 को PM मोदी ने हजारीबाग, झारखंड से प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (PM-JANMAN) के तहत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया

उन्होंने 40 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (EMRS) का उद्घाटन किया और 25 EMRS की आधारशिला रखी।

पी एम मोदी ने लगभग 80,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला रखी

याद रहे कि बिरसा मुंडा की जयंती पर झारखंड से PM-JANMAN योजना की शुरुआत की गई थी।

Q. 36: हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने संपीड़ित बायो-गैस (CBG) संयंत्रों के निर्माण का शुभारंभ कहाँ किया? Recently, where did Prime Minister Modi launch the construction of Compressed Bio-Gas (CBG) plants?

a. गुजरात

b. असम

c. मध्य प्रदेश

d. महाराष्ट्र

Answer: b. असम

2 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम में 'ऑयल इंडिया लिमिटेड' द्वारा चार संपीड़ित बायो-गैस संयंत्र (Compressed Bio-Gas Plant) के निर्माण का शुभारंभ किया।

उद्देश्य: एक सतत और पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा परिदृश्य को बढ़ावा देना

CBG plants असम के गुवाहाटी, जोरहाट, शिवसागर और तिनसुकिया में बनाए जाएंगे।

ऑयल इंडिया लिमिटेड, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (Ministry of Petroleum and Natural Gas) के तत्वाधान में 2024-25 तक 25 CBG संयंत्र स्थापित करेगी

Q. 37: हाल ही में, नई दिल्ली में स्थित जमैका उच्चायोग के सामने वाली सड़क का नाम बदल कर क्या रखा गया? Recently, the road in front of the Jamaica High Commission in New Delhi was renamed as what?

a. किंग्स्टन मार्ग

b. जमैका मार्ग

c. कैरेबियन मार्ग

d. वेस्ट इंडीज मार्ग

Answer: b. जमैका मार्ग

नई दिल्ली में स्थित जमैका उच्चायोग (Jamaica High Commission) के सामने वाली सड़क का नाम बदल कर 'जमैका मार्ग' रखा गया है

जमैका मार्ग का उद्घाटन जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस (Prime Minister Andrew Holness) ने किया



हाल ही में PM मोदी ने जमैका के PM एंड्रयू होलनेस के साथ द्विपक्षीय मुलाकात की।

PM होलनेस ने भारत द्वारा चलाए गए ग्लोबल फ्यूल अलायंस (Global Fuel Alliance) में शामिल होने की इच्छा जाहिर की।

जमैका, 2028-29 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (United Nations Security Council) के गैर-स्थायी सदस्य के लिए भारत की उम्मीदवारी का समर्थन करेगा।

Q. 38: 2024 स्वर्गीय वासुदेव गायतोंडे आजीवन उपलब्धि पुरस्कार से किसे सम्मानित किया जाएगा? Who will be awarded the 2024 Late Vasudev Gaitonde Lifetime Achievement Award?

a. एम एफ हुसैन
b. लक्ष्मण श्रेष्ठ
c. सतीश गुजराल
d. अनजोलि इला मेनन

Answer: b. लक्ष्मण श्रेष्ठ

कलाकार लक्ष्मण श्रेष्ठ को स्वर्गीय वासुदेव गायतोंडे आजीवन उपलब्धि पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

महाराष्ट्र सरकार द्वारा यह पुरस्कार दृश्य कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए प्रदान किया जाता है।

Q. 39: हाल ही में, "हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद 2024" का आयोजन कहाँ किया गया? Where was the "Indo-Pacific Regional Dialogue 2024" organized recently?

a. मुंबई b. बेंगलुरु
c. नई दिल्ली d. चेन्नई

Answer: c. नई दिल्ली

भारतीय नौसेना का वार्षिक शीर्ष-स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन "हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद (Indo-Pacific Regional Dialogue, IPRD) 2024" का आयोजन 3 अक्टूबर से 5 अक्टूबर तक नई दिल्ली में किया गया।

विषय: हिंद-प्रशांत क्षेत्र में संसाधन-भू-राजनीति और सुरक्षा

Q. 40: 25वें हॉर्नबिल महोत्सव के लिए किस देश को सहयोगी देशों के रूप में चुना गया है? Which country has been selected as a partner country for the 25th Hornbill Festival?

a. जापान b. वेल्स
c. फ्रांस d. जर्मनी

Answer: b. वेल्स

नागालैंड सरकार ने 25वें हॉर्नबिल फेस्टिवल के लिए वेल्स को एक सहयोगी देशों के रूप में चुना है।

हॉर्नबिल फेस्टिवल नागालैंड के विभिन्न जातीय समूहों की संस्कृतियों और परंपराओं को प्रदर्शित करता है

इसे 'त्योहारों का त्यौहार' भी कहा जाता है।

इसका आयोजन हर साल दिसंबर के पहले सप्ताह में किया जाता है

पहला हॉर्नबिल महोत्सव दिसंबर 2000 में आयोजित किया गया था।

Q. 41: हाल ही में, बापू टावर का उद्घाटन किस राज्य में किया गया? Recently, Bapu Tower was inaugurated in which state?

a. उत्तर प्रदेश
b. राजस्थान
c. बिहार
d. गुजरात

Answer: c. बिहार

महात्मा गांधी की 155वीं जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना, बिहार में "बापू टावर" का उद्घाटन किया

इसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन, आदर्शों और कार्यों को प्रदर्शित किया गया है।

बापू टावर का शिलान्यास 2 अक्टूबर, 2018 को रखा गया था

Q. 42: "स्वच्छ भारत मिशन" की शुरुआत कब की गई थी? When was "Swachh Bharat Mission" started?

a. 2 अक्टूबर, 2015
b. 2 अक्टूबर, 2014
c. 15 अगस्त, 2014
d. 26 जनवरी, 2015

Answer: b. 2 अक्टूबर, 2014

2 अक्टूबर 2024 को 155वीं गांधी जयंती के अवसर पर "स्वच्छ भारत मिशन" की 10वीं वर्षगांठ मनाई गई

स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्तूबर 2014 को की थी

Q. 43: खो खो विश्व कप 2025 का आयोजन कहाँ होगा? Where will Kho Kho World Cup 2025 be held?

a. भारत b. पाकिस्तान
c. बांग्लादेश d. श्रीलंका

Answer: a. भारत



2025 में होने वाला पहला खो-खो विश्व कप भारत में आयोजित किया जाएगा

इस आयोजन में 6 महाद्वीपों के 24 देश भाग लेंगे

खो-खो विश्व कप का उद्देश्य: स्वदेशी भारतीय खेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाना

Q. 44: हाल ही में, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने किस खिलाड़ी पर प्रतिबंध लगाया है? Recently, which player has been banned by the International Cricket Council (ICC)?

a. शाकिब अल हसन

b. प्रवीण जयविक्रमा

c. सदीरा समरविक्रमा

d. कुसल मेंडिस

Answer: b. प्रवीण जयविक्रमा

हाल ही में श्रीलंका के स्पिनर प्रवीण जयविक्रमा पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने एक साल के लिए प्रतिबंध लगाया है

उन्होंने ICC भ्रष्टाचार निरोधक संहिता का उल्लंघन किया है

Q. 45: हाल ही में, वर्ल्ड ग्रीन इकोनॉमी समिट कहाँ हुई? Recently, where was the World Green Economy Summit held?

a. लन्दन

b. दुबई

c. कुवैत

d. मस्कट

Answer: b. दुबई

हाल ही में, वर्ल्ड ग्रीन इकोनॉमी समिट (World Green Economy Summit - WGES) का आयोजन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, दुबई में हुआ

10 वें WGES का एजेंडा: जलवायु अनुकूलन में निवेश, विकास और सहनशीलता में निवेश (Investment in climate adaptation, investment in growth and resilience)

Q. 46: हाल ही में, इंटरनेशनल मेडिकल डिवाइस रेगुलेटर्स फोरम का संबद्ध सदस्य कौन सा देश बना है? Recently, which country has become an associate member of the International Medical Device Regulators Forum (IMDRF)?

a. जापान **b. भारत**

c. चीन **d. अमेरिका**

Answer: b. भारत

हाल ही में, भारत इंटरनेशनल मेडिकल डिवाइस रेगुलेटर्स फोरम (International Medical Device Regulators Forum) का संबद्ध सदस्य (Associate member) बना है

International Medical Device Regulators Forum (IMDRF) के 26वें सत्र का आयोजन USA में हुआ

IMDRF की स्थापना 2011 में हुई थी

यह ग्लोबल मेडिकल डिवाइस रेगुलेटर्स का समूह है।

उद्देश्य: अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नियामकों के बीच सहयोग और समन्वय को प्रोत्साहित करना

Objective: To encourage cooperation and coordination among international medical device regulators

Q. 47: हाल ही में भारत सरकार ने किस भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया? Recently, which language has been given the status of classical language by the Government of India?

a. बंगाली

b. असमिया

c. मराठी

d. उपरोक्त सभी

Answer: d. उपरोक्त सभी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बंगाली भाषाओं को शास्त्रीय भाषाओँ का दर्जा दिए जाने को स्वीकृति दे दी है।

शास्त्रीय भाषाएं भारत की गहन और प्राचीन सांस्कृतिक विरासत की संरक्षक के रूप में काम करती हैं

भारत सरकार ने 12 अक्टूबर 2004 को "शास्त्रीय भाषाओं" के रूप में भाषाओं की एक नई श्रेणी बनायी थी

भारत सरकार द्वारा शास्त्रीय भाषाओं का दर्जा प्राप्त भाषाएँ: तमिल, संस्कृत, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, उड़िया

Q. 48: हाल ही में, भारत सरकार ने टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने हेतु किस योजना को मंजूरी दी? Recently, the Government of India approved which scheme to promote sustainable agriculture?

a. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

b. हरित क्रांति योजना

c. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना



d. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन

Answer: c. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना

हाल ही में भारत सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (PM-RKVY) और कृष्णोन्नति योजना (Krishonnati Yojana) को मंजूरी दी

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (PM Rashtriya Krishi Vikas Yojana) का उद्देश्य - टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देना

कृष्णोन्नति योजना (Krishonnati Yojana) का उद्देश्य - खाद्य सुरक्षा में सुधार करना तथा भारत में कृषि आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना

Q. 49: हाल ही में 25वें लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार 2024 से किसे सम्मानित किया गया? Recently, who was awarded the 25th Lal Bahadur Shastri National Excellence Award 2024?

a. अजीम प्रेमजी

b. मुकेश अंबानी

c. राजश्री बिड़ला

d. रतन टाटा

Answer: c. राजश्री बिड़ला

हाल ही में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने श्रीमती राजश्री बिड़ला को 25वें लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया।

लाल बहादुर शास्त्री प्रबंधन संस्थान, दिल्ली ने पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री की स्मृति में उत्कृष्टता के लिए लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय पुरस्कार की शुरुआत की थी

Q. 50: हाल ही में गूगल फॉर इंडिया इवेंट 2024 का आयोजन कहाँ किया गया? Recently, where was the Google for India event 2024 organized?

a. बेंगलुरु

b. मुंबई

c. हैदराबाद

d. दिल्ली

Answer: d. दिल्ली

उद्देश्य: भारतीय बाजार में AI टेक्नोलॉजी

गूगल ने भारत में AI टूल "जेमिनी AI" को हिंदी भाषा के साथ-साथ 8 अन्य भाषाओं (बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, तेलुगु, तमिल और उर्दू) में लॉन्च किया

Q. 51: हाल ही में, अडाणी समूह ने स्वच्छ ऊर्जा के लिए किस कंपनी के साथ साझेदारी की है? Recently, Adani Group has partnered with which company for clean energy?

a. Microsoft

b. Google

c. Amazon

d. Facebook

Answer: b. Google

उद्देश्य: सस्टेनेबिलिटी के लक्ष्यों को आगे बढ़ाना और भारत के ग्रिड में ज्यादा से ज्यादा क्लीन एनर्जी जोड़ना

Q. 52: नौसेना रक्षा प्रदर्शनी 'EURONAVAL 2024' कहाँ आयोजित की जायेगी? Where will the Naval Defence Exhibition 'EURONAVAL 2024' be held?

a. लंदन b. पेरिस

c. बर्लिन d. रोम

Answer: b. पेरिस

दुनिया की अग्रणी नौसेना रक्षा प्रदर्शनी 'EURONAVAL 2024' के 29वें संस्करण का आयोजन 4-7 नवंबर, 2024 तक पेरिस, फ्रांस में किया जाएगा

EURONAVAL वैश्विक जहाज निर्माण उद्योग और नौसेनाओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण आयोजन है।

Q. 53: हाल ही में, केंद्र सरकार ने युवाओं के लिए इंटर्नशिप के लिए किस योजना की शुरुआत की है? Recently, which scheme has been launched by the Central Government for internships for the youth?

a. राष्ट्रीय युवा योजना

b. PM इंटर्नशिप योजना

c. युवा विकास कार्यक्रम

d. कौशल विकास योजना

Answer: b. PM इंटर्नशिप योजना

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने केंद्रीय बजट 2024-25 में इस योजना की घोषणा की थी

इसके तहत 21 से 24 साल के युवाओं को सरकार इंटर्नशिप देगी जिसमें युवाओं को हर महीने 5000 रुपये भी दिए जाएंगे

उद्देश्य: युवाओं को रोजगार दिलाने में मदद करना

For pdf,

Join telegram Channel

rwacurrentaffairs